कृषि विज्ञान केन्द्र, रामगढ़ के द्वारा जोबला गांव में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

कृषि विज्ञान केन्द्र, रामगढ़ के द्वारा सी. आर. पी. ऑन कृषि यांत्रिकरण एवं परिसुद्धता खेती परियोजना के अंतर्गत मांडू प्रखण्ड के जोबला गॉव में 6 अगस्त, 2021 को प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में किसानों के बीच भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पटना से आये कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रेम कुमार सुन्दरम, डॉ पवन जीत एवं वरीय तकनीकी सहायक मनोज कुमार सिन्हा नें " प्रिसिजन फार्मिंग तकनीक के माध्यम से कृषि की उत्पादकता में बढ़ोतरी" के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किया। प्रिसिजन फार्मिंग तकनीक जैसे पावर टिलर, मिनी ट्रैक्टर, सोलर चालित यंत्र, टपक सिंचाई, फबारा सिंचाई, बरसात के दिनों में धान के फसल में उपयोग होने वाले मशीन (कोनो वीडर, मांडवा वीडर) इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। इस कार्यक्रम में बरसात के जल संरक्षण करने के नई तकनीक जैसे डोबा, मलचिंग, चेक डैम, टपक सिंचाई, फबारा सिंचाई के बारे में किसानों को उसके उपयोग एवं रखरखाव का पूर्ण जानकारी प्रदान किया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ धरमजीत खेरवार ने बागवानी की खेती के लिए उपलब्ध तकनीकियों के बारे में किसानों को जानकारी प्रदान किया। साथ ही साथ किसानों के खेती संबंधित समस्याओं जैसे बीज के अंकुरण की समस्या, फसल में रोगों की समस्या, किट एवं पतंग की समस्या के निवारण/ उपचार के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में गॉव के 36 किसान ने भाग लिया।

ICAR
प्रक्षेत्र दिवस
प्रिसिजन फार्मिंग तकनीक के माध्यम से कृषि उत्पादकता में बढ़ोतरी
दिनांक: 06.08.2021 गाँव: जोबला जिला: रामगढ़
जक: भा.कृ.अनु. परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना, बिहार
एवं
कृषि विज्ञान केंद्र, माण्डू, रामगढ़, झारखंड
ी.आर.पी. ऑन कृषि यांत्रीकरण एवं परिशुद्धता खेती